**NEWS CLIPPING: 13.05.2021**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस ने कोविड केयर सेंटर के लिए आरडब्ल्यूए को दिया सहयोग

## विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकार को सहयोग देने को तैयार : कुलपति

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी से लड़ने के लिए बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देने और विकसित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ग्रेटर फरीदाबाद की एक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को 'कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर' की स्थापना एवं संचालन में सहयोग देने के लिए सहभागिता की है। यह सेंटर आरडब्ल्यूए पार्क फ्लोर्स-2, सेक्टर-76, फरीदाबाद की एक पहल है।

विवि के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि कुलपति प्रो.दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय समाज में ऐसी हर पहल का समर्थन करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है जो कोविड़ महामारी की रोकथाम में प्रभावी साबित हो सकती हैं। कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर' आपातकालीन उपयोग के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, चौबीस घंटे की एम्बुलेंस सुविधा, रोगी की देखभाल के लिए नर्स, बुनियादी दवाइयां, टेली-परामर्श के लिए चिकित्सक और वॉशरूम जैसी बुनियादी चिकित्सा सहायता से सुसज्जित है। उन्होंने कहा कि इस पहल को विवि के अधिकारियों प्रो. लखविंदर सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और मनीष गुप्ता, उप-कुलसचिव द्वारा सहयोग दिया जा रहा है तथा सहभागिता को आधिकारिक तौर पर अमल में लाने में निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली ने भूमिका निभाई।

विवि के अधिकारियों द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि इस महामारी के दौरान विवि से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति किसी ने किसी तरह से योगदान दे रहा हैं।

**NEWS CLIPPING: 13.05.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# वाईएमसीए ने RWA को दिया कोविड केयर सेंटर के लिए सहयोग

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबादः** कोरोना महामारी से लड़ने के लिए बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देने और विकसित करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) फरीदाबाद ने ग्रेटर फरीदाबाद की एक रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन को 'कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर' की स्थापना एवं संचालन में सहयोग दिया है। यह सेंटर आरडब्ल्यूए पार्क फ्लोर्स-2, सेक्टर-76, फरीदाबाद की एक पहल है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस. के. गर्ग ने कहा कि कुलपति प्रो.दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय समाज में ऐसी हर पहल का समर्थन करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है जो महामारी की रोकथाम में प्रभावी साबित हो। 'कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर' में आपातकालीन उपयोग के लिए ऑक्सिजन सिलिंडर, 24 घंटे की एम्बुलेंस सुविधा, रोगी की देखभाल के लिए नर्स, बुनियादी दवाइयां, टेली-परामर्श के लिए चिकित्सक और वॉशरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल को विश्वविद्यालय के अधिकारियों प्रो. लखविंदर सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और मनीष गुप्ता, उप-कुलसचिव द्वारा सहयोग दिया जा रहा है तथा सहभागिता को आधिकारिक तौर पर अमल में लाने में निदेशक, इंडस्ट्री रिलेशंस डॉ. रश्मि पोपली ने भूमिका निभाई।

> सेक्टर-76 बीवीटीपी नेक्स्ट डोर मॉल में 10 बेड का सेंटर स्थापित किया

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने कहा कि इस सेंटर की सुविधा सेक्टर-76 बीवीटीपी नेक्स्ट डोर मॉल में विकसित की गई है जोकि पार्क फ्लोर्स-2 सोसाइटी के पास है। शुरूआत में 10 बेड का सेंटर स्थापित किया है। इस सेंटर में सुविधा 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर प्रदान की जाएगी।

**NEWS CLIPPING: 13.05.2021**

**DAINIK JAGRAN**

# पार्क फ्लोर दो में स्थापित होगा 10 बेड का कोविड सेंटर

**जासं, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय ने ग्रेटर फरीदाबाद स्थित पार्क फ्लोर दो सेक्टर-76 आरडब्ल्यूए को कोविड केयर सेंटर की स्थापना एवं संचालन में सहयोग देने के लिए सहभागिता की है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा.एसके गर्ग के अनुसार कुलपति प्रो.दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की ओर से कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। कोविड केयर सेंटर में आपातकालीन उपयोग के लिए आक्सीजन सिलेंडर, 24 घंटे की एंबुलेंस सुविधा, रोगी की देखभाल के लिए नर्स, बुनियादी दवाएं, टेली-परामर्श के लिए चिकित्सक सेवा उपलब्ध होगी। स्टूडेंट वेलफेयर के डीन प्रो लखविंदर सिंह और उपकुलसचिव मनीष गुप्ता सेंटर की स्थापना में पूरा सहयोग कर रहे हैं। सहभागिता को आधिकारिक तौर पर अमल में लाने में इंडस्ट्री रिलेशन्स शाखा की निदेशक डा.रश्मि पोपली ने अहम भूमिका निभाई। पार्क फ्लोर दो आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने कहा कि कोविड केयर सेंटर की सुविधा बीपीटीपी नेक्स्ट डोर माल सेक्टर-76 में उपलब्ध होगी। यह सेंटर बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के साथ 10 बेड का होगा।

**NEWS CLIPPING: 13.05.2021**

**HINDUSTAN**

# कोविड केयर सेंटर के लिए सहयोग दिया

**फरीदाबाद।** महामारी में बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा देने और मरीजों की मदद के मकसद से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान वाईएमसीए, फरीदाबाद ने ग्रेटर फरीदाबाद की एक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर की स्थापना एवं संचालन में सहयोग देने के लिए मदद की है। यह कोविड केयर सेंटर आरडब्ल्यूए पार्क फ्लोर्स-2, सेक्टर-76, फरीदाबाद की एक पहल है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इस सेंटर में आपातकालीन उपयोग के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर, चैबीस घंटे की एम्बुलेंस सुविधा रहेगी। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष नरेंद्र चौहान ने कहा कि कोविड केयर आइसोलेशन सेंटर की सुविधा सेक्टर-76 बीवीटीपी नेक्स्ट डोर मॉल में विकसित की गई है जोकि पार्क फ्लोर्स-2 सोसाइटी के निकट है।